दिनांक 15 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सैनिटाइजिंग कार्य के लिए घरों तक पहुंच रहे निगम के स्वच्छता कर्मचारी

भिलाईनगर / कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु निगम क्षेत्र में सैनिटाइजिंग का कार्य निरंजर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला वार्डों के गली मोहल्लों के घर, आवश्यक सेवा वाले दुकान, बाजार क्षेत्र को टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे के द्वारा सैनेटाइज का कार्य प्रतिदिन कर रहे हैं। आज जोन कं. 01, 02, 03 व 04 के 2064 स्थानों पर सेनेटाइज किया गया। मच्छरों के प्रकोप पर काबू पाने के लिए शहर के क्षेत्रों में लगातार फाॅगिंग किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके , वहीं लाॅक डाउन के तहत सोशल डिस्टेंस बनाए रखने तथा आवश्यक कार्य से घर से बाहर निकलने वाले नागरिकों को चेहरा ढकने के लिए अनिवार्य रूप से मास्क या अन्य कोई आवश्यक उपाय करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है! भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइड से दुकानों के शटर , बाजार क्षेत्र, घरों, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर तथा बाजार व घर के आस-पास सहित जोन के 58 कर्मचारियों ने 2064 स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से सेनेटाइज करने का कार्य किया गया! निगम का स्वास्थ्य अमला लोगों को बता रहे है कोरोना का संक्रमण एक दूसरे से फैलता है इससे बचाव के लिए हाथों को समय-समय पर हैंडवॉश/सेनेटाइज करते रहे तथा एक दूसरे से सोशल डिस्टेंस बनाते हुए कम से कम 1 मीटर की दूरी पर रहे। निगम क्षेत्र अंतर्गत कमला मेडिकल लाईन , अम्बेडकर चौक, धनकर किराना, 64/3 ईस्ट, काली बाड़ी मंदिर के आस-पास , शंकर पारा, खटाल लाईन,

जनसम्पर्क अधिकारी